# आइकिया नोएडा में 5,500 करोड़ करेगी निवेश, 22 हजार को मिलेगा रोजगार

## सीएम बोले, लगातार प्रयासों से निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य के रुप में उभरा प्रदेश

**औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा - प्रदेश एक नया व आधुनिक स्वरुप ले रहा**




नोएडा प्राधिकरण के वोर्ड रुम में आईकिया कंपनी के अधिकारी के साथ पट्टा प्रलेख पत्र एवं भूखंड के कब्जा हस्तांतरण पत्र का आदान प्रदान करती नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रीतू माहेश्वरी व कंपनी की अधिकारी।

**लखनऊ।** इंगका सेंटर्स इंडिया (आइकिया) नोएडा में 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है। कंपनी यहां शॉपिंग मॉल, होटल, ऑफिस, रिटेल आउटलेट आदि का निर्माण करेगी। इस निवेश से करीब 2,000 लोगों को प्रत्यक्ष तथा 20 हजार से अधिक को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में शुक्रवार को वर्चुअल माध्यम से नोएडा प्राधिकरण तथा आइकिया के बीच भूमि हस्तांतरण लीज डीड का आदान-प्रदान हुआ।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के लगातार प्रयासों से राज्य निवेशकों और उद्यमियों के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में सामने आया है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेस-वे अथॉरिटी का क्षेत्र देश में निवेश का सर्वाधिक संभावना वाला क्षेत्र है। यहां पर निवेश के प्रस्ताव लगातार प्राप्त हो रहे हैं। नोएडा में डाटा सेंटर पार्क तथा देश की सबसे बड़ी डिस्प्ले यूनिट की स्थापना का कार्य तेजी से हो रहा है।

औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश एक नया और आधुनिक स्वरूप ले रहा है। आइकिया इंडिया के सीईओ पीटर बेडजिल ने कहा कि संस्था नोएडा में अपनी परियोजना को 5 से 7 वर्षों में पूरा कर लेगी। आइकिया द्वारा अपने कारोबार से बड़ी संख्या में युवाओं और हस्तशिल्पियों को जोड़ा जाएगा। अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अरविंद कुमार ने कहा कि विभाग द्वारा निवेश के इच्छुक सभी निवेशकों और उद्यमियों को पूरा सहयोग दिया जाएगा। ब्यूरो